भी लगाए गए हैं।

निर्णय लिया गया था। इसमें कस्बे के बाजार पूर्णतः बंद रहेंगे।

रामगढ़ शेखावाटी में मास्क नहीं तो प्रवेश नहीं स्टीकर-बैनर का विमोचन

भास्कर न्यूज़ | रामगढ़ शेखावाटी

नो मास्क नो एंट्री बैनर व स्टीकर का विमोचन करते एसडीएम व ईओ।

कस्बे के पुराना बस स्टेण्ड स्थित इन्दिरा रसोई के सामने नगरपालिका द्वारा मास्क नहीं तो प्रवेश नहीं अभियान के स्टीकर और बैनर का एसडीएम मूलचन्द लूणियां ने विमोचन किया। इस अवसर पर ईओ नूर मोहम्मद खान ने प्रशासन द्वारा व्यापारियों को कोरोना महामारी से बचाव के लिए मास्क को अनिवार्य रूप से लगाने तथा बिना मास्क अपनी दूकानों में ग्राहकों को प्रवेश नहीं कराने देने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर एएओ योगेशकुमार शर्मा, घीसाराम, कार्यवाहक सफाई निरीक्षक मदनलाल सैनी सहित नगरपालिका स्टॉफ मौजूद थे। विमोचन के पश्चात मुख्य बाजार में नगरपालिका कार्मिकों द्वारा स्टीकर प्रत्येक दूकानों पर लगाए गए। इसी प्रकार सेठ आरएन रूइया पीजी कॉलेज में एनएसएस इकाई व एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के तत्वावधान में गांधी जयन्ती व शास्त्री जयन्ती से नो मास्क नो एंटशी अभियान को प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टीनेंट प्रो. नवीनकुमार ने विद्यार्थियों को नो मास्क नो एंट्री से संबंधित शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में संचालन डॉ. ज्योति शर्मा ने करते हुए विद्यार्थियों को एकता और सोहार्द के लिए काम करने की बात कही।